तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 39.25 लाख के माता तालाब सौंदर्यीकरण पर उठे सवाल



12 वनांचल के सपनों को मिली नई उड़ान



## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन 31 तक

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2027 हेतु नामांकन प्रस्ताव 31 जुलाई तक केवल ऑनलाइन डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट अवार्ड डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से चाही गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने नामांकन से संबंधित पात्र अभ्यर्थियों को पोर्टल में अपलोड कर दस्तावेज की एक प्रति जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी में अनिवार्यतः प्रेषित करने कहा है।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 21 जुलाई तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन घरेलू वायरिंग एवं घरेलू इलेक्ट्रिक उपकरण, मशीन रिपेयरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि 18 से 45 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास आवेदक 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### धमतरी में मानसून रील फोटोग्राफी प्रतियोगिता शुरू




- विजेताओं को मिलेंगे 50 हजार तक के पुरस्कार

**धमतरी।** मानसून के मौसम में धमतरी जिले के प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यटन स्थलों और हरियाली को देश-दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मानसून रील एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय मानसून के दौरान धमतरी पर्यटन की सुंदरता को कैमरे में कैद करना रखा गया है। यह प्रतियोगिता 17 से 25 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इसमें जिले सहित अन्य स्थानों के फोटोग्राफर, कंटेंट क्रिएटर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, विद्यार्थी एवं आम नागरिक भाग ले सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 50,000, द्वितीय पुरस्कार 21,000 तथा तृतीय पुरस्कार 11,000 रखा गया है। इसके अलावा शीर्ष 10 प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### दो छात्रों का जवाहर उत्कर्ष विद्यालय में चयन



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा के दो विद्यार्थियों मोहित कुमार पिता बसंत ध्रुव एवं रितुराज पिता रविशंकर ध्रुव का चयन जवाहर उत्कर्ष विद्यालय रायपुर के लिए हुआ है। छात्रों ने सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया है। अब तक इस विद्यालय से 22 बच्चों का चयन नवोदय, एकलव्य जवाहर उत्कर्ष विद्यालय के लिए हो चुका है। छात्रों के चयन पर सरपंच त्रिलोचन साहू, एसएमसी अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, दारासिंग ध्रुव, प्रहलाद सिन्हा, धनेश्वरी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानिक ध्रुव, दानीराम साहू, शिवनेताम, महेश, प्रेमलाल, संतराम संकुल प्राचार्य गेवाराम नेताम, समन्वयक हेमंत सोनकर, प्रधानपाठक लीलाराम साहू व शिक्षक स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

# रथयात्रा पर हुई अमृत वर्षा, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पखवाड़े भर बाद रथयात्रा के दिन और रात को हुई मध्यम बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है। जिले में हुई 42 मिमी औसत बारिश ने दरार पड़ रहे खेतों में जान फूंक दी है। कृषि विभाग के अनुसार बोता में लक्ष्य का 95 फीसदी पूर्ति हो गया है जबकि रोपा अभी 28 फीसदी तक हो पाया है।

मान्यता है कि रथयात्रा के दिन बारिश होना खेती किसानी के लिए बहुत शुभ है। गुरूवार को पूरे जिले में हुई वर्षा से किसानों में खुशी है। 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश बेलरगांव तहसील में हुई है। सबसे कम बारिश भखारा तहसील में दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी में 47 मिमी, कुरूद में 39.2 मिमी, मगरलोड में 34.3 मिमी, नगरी में 40.7 मिमी, भखारा में 29.7 मिमी, कुकरेल में 36 मिमी तथा बेलरगांव तहसील में 65 मिमी बारिश हुई है। शुक्रवार तक जिले में सामान्य वर्षा से 24 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

## धमतरी जिला सामान्य वर्षा से 24 प्रतिशत पीछे



### बोता लक्ष्य के करीब, रोपा पीछे

कृषि विभाग ने खरीफ फसल में इस साल 133.500 हजार हेक्टेयर में धान फसल का लक्ष्य लिया है जिसमें बोता पद्धति से 74 हजार हेक्टेयर तथा रोपा पद्धति से 59.500 हजार हेक्टेयर का प्रस्तावित लक्ष्य है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 70 हजार हेक्टेयर में बोता पद्धति से फसल की बुआई हो चुकी है। यह लक्ष्य का 94.59 प्रतिशत है। रोपा में अब तक 16.500 हजार हेक्टेयर में रोपाई हो चुकी है। लक्ष्य से 27.73 प्रतिशत की पूर्ति हुई है।

### बारिश में काफी पीछे है भखारा

पिछले दो साल के रिकार्ड में भखारा तहसील बारिश में सबसे आगे रही है लेकिन इस साल भखारा वर्षा में काफी पीछे रह गया है। 1 जून से अब तक मगरलोड में सबसे अधिक 319 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सामान्य वर्षा से मगरलोड 11 प्रतिशत पीछे है। बेलरगांव में 295 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 12 फीसदी पीछे है। कुकरेल तहसील में 299 मिमी वर्षा हुई है। यहां सामान्य से 17 प्रतिशत कम बारिश है। नगरी तहसील में अब तक 292 मिमी बारिश हुई। यहां सामान्य से 20 प्रतिशत कम है। कुरूद में 270 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य से 26 प्रतिशत कम बारिश है। धमतरी में 288 मिमी बारिश हुई है। सामान्य से यहां 28 प्रतिशत कम बारिश हुई है। भखारा में मात्र 186 मिमी बारिश हो पाई है जो सामान्य वर्षा से 49 प्रतिशत पीछे है।

**अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना :** निःशुल्क शिक्षा के साथ बच्चों का सारा खर्च उठाएगा श्रम विभाग

# नेशनल, इंटरनेशनल स्कूलों में पढ़ेंगे श्रमिकों के होनहार बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रदेश के नामचीन आवासीय विद्यालयों में निर्माण श्रमिकों के होनहार बच्चों निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिलेगा। अटल उत्कृष्ट योजना के तहत श्रम विभाग को करीब 350 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बच्चों का चयन 5वीं कक्षा के प्राप्ताकों की मेरिट लिस्ट के आधार पर होगा। ज्ञात हो कि गत वर्ष से प्रारंभ इस योजना के तहत निर्माण श्रमिकों के पांच होनहार बच्चे प्रदेश के विभिन्न आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अटल उत्कृष्ट योजना चलाई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक राज्य के श्रेष्ठ और नामी निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा और उत्तम हॉस्टल, भोजन की सुविधा उपलब्ध कराना है। यह दाखिला विशेष रूप से कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए होता है।

जिला श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि अटल उत्कृष्ट योजना के तहत जिले के सात होनहार बच्चों को प्रदेश के नेशनल, इंटरनेशनल स्कूलों में एडमिशन मिलेगा। बच्चों के एडमिशन, ट्यूशन फीस, कॉपी, स्कूल ड्रेस, हॉस्टल, मेस (रहने-खाने) का पूरा खर्च श्रम विभाग करेगा। इसके लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के 345 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पांचवीं में प्राप्तांक मेरिट के आधार पर 7 बच्चों को योजना का लाभ मिलेगा। जिला कार्यालय से 11 बच्चों का नाम मेरिट के आधार पर उच्च कार्यालय को भेजा जाएगा जहां से काउंसलिंग के बाद 7 होनहार बच्चों का चयन होगा।




### योजना में प्रदेश के 20 स्कूल

योजना के तहत चयनित बच्चों को प्रदेश के नेशनल इंटर नेशनल स्कूलों में दाखिला मिलेगा। इस योजना में प्रदेश के 20 स्कूल हैं जिसमें देहली पब्लिक स्कूल रायगढ़, गुरूकुल स्कूल कवर्धा, जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर, रूंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़, अलोन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा, अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल रायपुर, देहली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल रायपुर, संस्कार सिटी इंटर नेशनल स्कूल राजनांदगांव, जनमित्रम कल्याण समिति स्कूल घरघोड़ा रायगढ़, अशोका पब्लिक स्कूल सारंगगढ़, राजकुमार कॉलेज सोसायटी रायपुर, कांगेर वैली एकेडमी रायपुर, हम एकेडमी जगदलपुर, संस्कार द गुरूकुल स्कूल जगदलपुर, कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई, द जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर, त्रिमूर्ति एजुकेशनल सोसायटी मुंगेली शामिल हैं।

### गत वर्ष 5 बच्चों को मिला योजना का लाभ

श्रम मंत्रालय ने अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की शुरूआत शिक्षण सत्र 2025-26 से की है। इस योजना में गत वर्ष होनहार 5 बच्चों का चयन किया गया, जिसमें विंध्यवासिनी वार्ड के बालकृष्ण सोनी राजकुमार कॉलेज रायपुर, मगरलोड की मेघना साहू छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल रायपुर, योगिता सतनामी ग्राम मेघा कांगेर वैली एकेडमी रायपुर, मगरलोड के मोखा निवासी ट्विंकल साहू संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव, भैंसमुंडी मगरलोड से चित्रांश साहू को त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल मुंगेली में दाखिला मिला है।

# बड़े भाई की अंत्येष्टि में आ रहे छोटे भाई और उसकी पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत






- मृतक सेवानिवृत्त सिंचाई कर्मचारी था, नए जान डेयर सोल्ड ट्रैक्टर ने मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

मगरलोड थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा ग्राम पंचायत खड़मा सवनाई भाटा दुर्गा माता मंच के सामने मुख्य मार्ग पर हुआ है। नए सोल्ड ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

थाना से मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक मगरलोड थाना दुगली के ग्राम धनोरा निवासी प्रेमलाल नेताम 64 वर्ष अपनी पत्नी कुमारी नेताम 58 वर्ष के साथ ससुराल ग्राम कोकड़ी जिला गरियाबंद गया हुआ था। इसी दौरान गांव में उसके बड़े भाई प्रभुलाल के निधन की सूचना मिलने पर दोनों अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 17 जुलाई शुक्रवार की सुबह अपने गांव बाइक क्रं सीजी 07 एलएस 3299 से लौट रहे थे। तभी लगभग 8 बजे खड़मा सवनाई भाटा दुर्गामाता मंच के सामने नई ट्रैक्टर ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही पति-पत्नी की मौत हो गई। एक ही परिवार में तीन लोगों की मौत से गांव में शोक का माहौल है।

### रथयात्रा के दिन ही खरीदा था ट्रैक्टर

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर को सरईरूख निवासी त्रिलोक ध्रुव ने रथयात्रा के दिन खरीदा था। ड्राइवर जयप्रकाश ध्रुव खड़मा निवासी था। वह ट्रैक्टर को खड़मा में रखा हुआ था और शुक्रवार को कृषि कार्य के लिए वापस सरईरूख ला रहा था तभी उसने ठोकर मार दी।

### चालक फरार ट्रैक्टर जब्त

घटना की सूचना मिलते ही मगरलोड पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नए ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई थी।

रथयात्रा से लौटते समय सिहावा-देवपुर मार्ग पर हुआ हादसा

# अर्टिगा की टक्कर से बाइक चालक की हुई मौत, तीन युवतियां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

नगरी-सिहावा मुख्य मार्ग पर देवपुर के समीप गुरुवार की शाम करीब 7 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को पहले नगरी सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, इसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धमतरी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग सिहावा में आयोजित भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान देवपुर के पास नगरी की ओर से आ रही अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 05 एटी 2983 और सिहावा की ओर जा रही एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एसी 6662 के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।







हादसे में बाइक चालक समीर (24 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। बाइक पर सवार रवीना (20 वर्ष), हिमांशी (20 वर्ष) एवं नेहा (18 वर्ष), जो दुगली थाना क्षेत्र के मुनईकेरा, दुगली एवं सिरकट्टा गांव की निवासी हैं, गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें एक युवती के घुटने में गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य दो युवतियों को भी गंभीर चोटें पहुंची हैं।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नगरी सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि अर्टिगा कार में भी चार लोग सवार थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं शुक्रवार को मृतक का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# शासकीय-अर्धशासकीय वाहन चालक संघ ने गिनाईं समस्याएं

- आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रदेश शासकीय-अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी संघ ने आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा है।

संघ के जिलाध्यक्ष गौरव मोहिते एवं पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा है कि विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पदस्थ वाहन चालक शासन के प्रशासनिक, विकासात्मक एवं आपातकालीन कार्यों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हैं। वर्तमान में अनेक कार्यालयों में शासकीय वाहनों के उपयोग एवं वाहन चालकों से संबंधित कुछ व्यवहारिक समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ-साथ वाहन चालकों के मनोबल एवं कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



संघ ने आठ सूत्रीय मांगों में कहा है कि शासकीय एवं विशेष भ्रमण के लिए वाहन का उपयोग करने लिखित एवं अधिकृत आदेश जारी करने, शासकीय वाहनों का उपयोग केवल शासकीय कार्यों तक सीमित रखा जाए। शासकीय वाहन चालकों से निजी वाहनों का संचालन नहीं कराया जाए, विशेष परिस्थिति में सक्षम अधिकारी का लिखित आदेश करने, कार्य समय, साप्ताहिक अवकाश एवं अन्य नियमानुसार देय सुविधाओं का पालन सुनिश्चित करने, किसी प्रकार की अनावश्यक प्रताड़ना, अपमानजनक भाषा या अनुचित दबाव से बचाने वाहन चालन से संबंधित ईंधन, लागबुक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था, शासन को निर्धारित नियमों के अनुरुप सुनिश्चित करने, समय-समय पर वाहन चालकों के लिए निर्धारित सुविधाओं एवं देयकों का समय पर भुगतान, दैनिक वेतन भोगी वाहन चालकों को समय पर वेतन भुगतान की मांग की गई है।

**अतिक्रमण के कारण अंतिम संस्कार के लिए गांव से बाहर जाने को मजबूर**

# श्मशान भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण से तेलिनसत्ती के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम तेलिनसत्ती में श्मशान भूमि पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि गांव में मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आने वाले समय में समस्या और गंभीर हो जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर श्मशान भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

गांववासियों के बताया कि पिछले छह माह के दौरान शासकीय घास भूमि और श्मशान क्षेत्र पर लगातार कब्जे किए जा रहे हैं। जिस स्थान पर वर्षों से ग्रामीण अंतिम संस्कार की परंपरा निभाते आए हैं, वहीं अब लोगों ने कर दी है। कुछ स्थानों पर नींव तैयार कर मिट्टी भराई भी कर दी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले सरकारी जमीन पर कब्जा किया जाता है और बाद में उसे बेचने की कोशिश की जाती है। इस मामले में कुछ प्रभावशाली लोगों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका की भी चर्चा गांव में हो रही है।





सीमांकन कर निर्माण की तैयारी शुरू

### दफनाने की परंपरा होने से बढ़ी परेशानी

तेलिनसत्ती में अधिकांश परिवार मृतकों का दाह संस्कार करने के बजाय शव को दफनाने की परंपरा का पालन करते हैं। ऐसे में श्मशान भूमि का उपलब्ध होना गांव के लिए अत्यंत आवश्यक है। लेकिन जगह की कमी के कारण कई परिवारों को आसपास के गांवों में जाकर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है।

### राजस्व अमले ने किया था निरीक्षण

ग्रामीणों ने बताया कि 29 जून को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची थी और अतिक्रमण की स्थिति का निरीक्षण भी किया गया था। उस समय जेसीबी मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्रवाई स्थगित कर दी गई थी। अधिकारियों ने शीघ्र अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है।

### दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद हटेगा अतिक्रमण

सरपंच देवेन्द्र सिन्हा ने कहा कि श्मशान भूमि पर बढ़ते कब्जों को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया है और जल्द कार्रवाई की अपेक्षा है। अतिरिक्त तहसीलदार शिवेन्द्र सिन्हा ने बताया कि पटवारी को आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद एक साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# 42 पौवा अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई

अवैध शराब निर्माण, परिवहन व बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अर्जुनी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर अवैध शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम देवपुर के झिरियाबांध रोड के पास दबिश देकर बिसाहू कंवर के कब्जे से 18 पौवा देशी अवैध शराब बरामद की है। उक्त शराब की कीमत 1440 रुपए है। पुलिस ने धारा 34/1/ख के तहत अपराध दर्जकर आरोपी बिसाहू कंवर पिता मनोहर उम्र 42 वर्ष ग्राम देवपुर थाना अर्जुनी निवासी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है। इसी तरह पुलिस ने दूसरी कार्रवाई ग्राम शंकरदाह सांई चिकन सेंटर के सामने की। पुलिस ने नीलम साहू के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी 24 पौवा देशी प्लेन अवैध शराब कीमत 1920 रुपए जब्त की है। पुलिस ने आरोपी नीलम साहू पिता सूरज उम्र 22 वर्ष ग्राम शंकरदाह थाना अर्जुनी निवासी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।




## खबर संक्षेप



### अरुणोदय किड्स ने पौधरोपण व ग्रीन डे मनाया

**गीदम।** अरुणोदय किड्स के 11वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में प्रभारी शिक्षिका रूपा पाणिग्राही ने स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक संतोष महापात्र एवं नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय में ग्रीन डे थीम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चे हरे रंग की ड्रेस पहनकर विद्यालय पहुंचे, पूरे परिसर में हरियाली, उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिकाएं भारती देवांगन, ज्योति गायकवाड़ एवं दिव्या कश्यप उपस्थित रहीं।

### शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

**घाटलोहंगा।** न्यू जर्नलिस्ट छत्तीसगढ़ फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिले की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के लोगों ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ शिक्षकों की स्थिति, एकल शिक्षक के भरोसे संचालित विद्यालयों, शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट तथा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा को समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला माना जाता है, लेकिन ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के अनेक शासकीय विद्यालय आज भी बुनियादी सुविधाओं और पर्याप्त शिक्षकों के अभाव से जूझ रहे हैं। कई विद्यालयों में वर्षों से एक ही शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने यह भी उल्लेख किया कि कई स्थानों पर जर्जर स्कूल भवन, शिक्षकों की कमी, समय पर शैक्षणिक व्यवस्था का संचालन न होना तथा प्रशासनिक लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

# तहसील कार्यालय के शौचालय में गंदगी व दुर्गंध, आमजन हो रहे परेशान

## बार-बार पत्राचार के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था, तहसीलदार ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

तहसील कार्यालय नगरी में शौचालय की नियमित साफ-सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय परिसर में संचालित लोक सेवा केंद्र, आधार पंजीयन केंद्र तथा अन्य शासकीय कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं ।

जानकारी के अनुसार नगरी मुख्यालय से 40 से 50 किलोमीटर दूर स्थित गांवों से भी लोग अपने राजस्व एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए तहसील कार्यालय पहुंचते हैं। लेकिन परिसर में स्थित शौचालय की साफ-सफाई नियमित नहीं होने तथा पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से वहां दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग मजबूरी में मुंह ढंककर शौचालय का उपयोग कर रहे हैं।

इस संबंध में तहसीलदार से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शौचालय की साफ-सफाई के संबंध में नगर पंचायत नगरी को पत्र के माध्यम से कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संबंधित निकाय शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर व्यवस्था में सुधार करेगा।





### लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले

कार्यालय पहुंचे कुछ ग्रामीणों एवं कोटवारों ने बताया कि शौचालय में पानी उपलब्ध नहीं होने और नियमित सफाई नहीं होने के कारण स्थिति असुविधाजनक बनी हुई है। उनका कहना है कि तहसील जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था होना आवश्यक है, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। नागरिकों ने तहसील कार्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई, शौचालय में पानी की उपलब्धता तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## वैकल्पिक मार्ग बह गया, एनीकट मार्ग बंद होने से सफर हुआ लंबा

# पुल टूटने से मगरलोड क्षेत्र बना टापू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

21 सितम्बर 2024 की मध्य रात्रि मेघा महानदी का पुल टूटने से आवागमन बंद हो गया है जिससे मगरलोड क्षेत्र टापू बना हुआ है। पिछले वर्ष बरसात में क्षेत्रवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जनवरी 2025 को नए पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर वैकल्पिक मार्ग से आवागमन किया गया। जुलाई 2026 में हल्की बरसात होने पर वैकल्पिक मार्ग बह गया। जल संसाधन विभाग द्वारा पानी संग्रहण हेतु बनाए गए एनीकट पर चारपहिया वाहनों को प्रतिबंध किया गया है। इससे क्षेत्रवासियों का आवागमन कठिन हो गया है।

### 12 के लिए 40 किमी का सफर तय करना पड़ रहा

पुल टूटना तथा वैकल्पिक मार्ग बंद होने पर मेघा से कुरूद 12 किलोमीटर के लिए 40 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। मेघा अरौद, मधुबन होते हुए करेली बड़ी, नारी मार्ग से कुरूद पहुंचने पर 40 किलोमीटर का सफर करना पड़ेगा।

### व्यापारी, किसान, छात्र, कर्मचारी परेशान

एनीकट मार्ग के बंद होने से चारपहिया वाहन चालक महंगा सफर करने मजबूर हैं। मोहंदी, मेघा, मगरलोड के व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों को कृषि उपज मंडी धान परिवहन भाड़ा चार गुना अधिक चुकाना पड़ रहा है। कुरूद, धमतरी, रायपुर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मगरलोड क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी-अधिकारी के लिए समय पर ऑफिस पहुंचना कठिन हो गया है।

### एनीकट से गुजरना जोखिम भरा सफर

पुल निर्माण कार्य के दौरान वैल्कपिक कच्चा मार्ग प्रथम बरसात में बह गया। एनीकट एक मात्र मार्ग है जहां से मोटरसाइकिल, साइकिल, पैदल आवागमन किया जा रहा है। एनीकट की लम्बाई 1 किमी तथा चौड़ाई लगभग 7 फीट है। रेलमपेल आवागमन से राहगीर का सफर जोखिम भरा है। कभी भी अनहोनी घटना की संभावना बनी हुई है।

### प्रशासनिक व्यवस्था से महंगा हुआ सफर

मेघा महानदी का पुल टूटना, वैकल्पिक मार्ग का बहना एनीकट मार्ग बंद होने के बाद भी प्रशासन द्वारा जनहित में कुछ व्यवस्था नहीं की गई है। ज्ञात हो कि मेघा से कुरूद पहुंचने के लिए अरौद, मधुबन, करेली बड़ी, खट्टी तथा नारी मार्ग से 40 किमी महंगा सफर करने की मजबूरी है। सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है। मार्ग में गहरा गड्ढा हो गया है। चारपहिया वाहन चालकों को खतरों से खेलने के समान हो गया है। सड़क मरम्मत कार्य नहीं किया है। प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही की खामियाजा जनता भुगत रही है।

# कुरूद में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा





- रथयात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, श्रद्धालुओं को गजामूंग का प्रसाद बांटा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र की संयुक्त पारंपरिक श्री जगन्नाथ रथयात्रा 2026 श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। श्री जगन्नाथ समिति कुरूद के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव के तहत बुधवार को भगवान का विशेष वस्त्र श्रृंगार, हवन एवं पूजन संपन्न हुआ, जबकि गुरुवार को धुमाल, बाजे-गाजे और जयघोष के बीच रथयात्रा निकाली गई।

कुरूद की परंपरा के अनुसार श्रीराम मंदिर तथा गांधी चौक स्थित मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली। रथयात्रा चंडी मंदिर, थाना चौक, पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक, पुराना बाजार, हुतात्मा चौक, सरोजनी चौक और कारगिल चौक सहित प्रमुख मार्गों से होकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः अपने-अपने मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रथ का स्वागत किया और विभिन्न सेवा समितियों द्वारा गजा मूंग प्रसाद का वितरण किया गया। संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। बारिश की हल्की फुहारों के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा।

रथयात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर सहित भाजपा एवं कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। रथयात्रा ने सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और एकता का संदेश दिया।

# मगरलोड में तीन एल्डरमैन ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में राज्य शासन द्वारा नियुक्त तीन एल्डरमैन का 16 जुलाई गुरूवार को नगर पंचायत के सभा हॉल में शपथ ग्रहण हुआ। नव नियुक्त एल्डरमैन दिनेश अग्रवाल, राजेश साहू, शांति देवांगन को कुरूद राजस्व अनुविभागीय अधिकारी नभसिंह कोसले ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर एल्डरमैन दिनेश अग्रवाल ने कहा कि राज्य शासन व संगठन के प्रति आभारी हूं जो मुझे इस पद का दायित्व दिया। नगर की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे, यही मेरा प्रयास रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश साहू, उपाध्यक्ष रूक्मणि सिन्हा, पार्षद खिलावन साहू, अशोक साहू, सुरेश साहू, हिरवानी ठाकुर, तेजश्वरी साहू, पूर्व पार्षद सत्यनारायण साहू, देवेंद्र साहू, महमूद खान, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य नरेश सिन्हा, नरेश अग्रवाल, झनेश्वर साहू, सीएमओ अशोक चौहान, अभियंता संजय पैकरा सहित नगर पंचायत कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हरियाली साप्ताहिक उत्सव 2026 का शुभारंभ

- नपा कुरूद में एक सप्ताह तक होगा पौधरोपण और सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



रथयात्रा के अवसर पर नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा गुरुवार से हरियाली साप्ताहिक उत्सव 2026 का शुभारंभ किया गया। यह उत्सव 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता चौक से केनाल रोड होते हुए पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक पौधरोपण के साथ की गई।

शुभारंभ कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, नगर पालिका और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए। नगर पालिका परिषद के अनुसार सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के दौरान नगर की विभिन्न शासकीय भूमि पर हजारों पौधे लगाए जाएंगे। हरियाली बढ़ाने के साथ नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उत्सव को और आकर्षक बनाने के लिए सामाजिक संस्था आयुष सेवा संस्थान के सहयोग से स्वामी विवेकानंद मंगल भवन, केनाल रोड में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें कला, संस्कृति और धार्मिक प्रस्तुतियां होंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों, कला एवं संस्कृति प्रेमियों, युवा साथियों तथा नागरिकों से हरियाली सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सहभागिता का भी प्रतीक है।

# राजपुर में युवा संगठन ने निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





ग्राम राजपुर में युवा संगठन द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आस्था एवं श्रद्धा के साथ निकाली गई। ग्राम पंचायत के स्थित शिव मंदिर के पास भगवान जगन्नाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा तथा भाई बलराम को रथ पर सवार कर बाजे-गाजे के साथ गांव का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने नारियल भेंटकर भगवान से आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं को गजामूंग का प्रसाद बांटा गया। युवा संगठन के सदस्यों ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा विगत कई वर्षों से बड़े ही उल्लास के साथ निकाली जा रही है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं ने रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। रथ यात्रा भ्रमण में रोहित साहू, प्रवीण सिन्हा, हेमंत यादव, पवन गिर, थानू निषाद, अखिलेश मंडावी, रमेश सिन्हा, होरीलाल निषाद, अर्जुन भारती, पूरनलाल चतुर्वेदी, श्याम पुरी, पवन निषाद, गुलाब सिन्हा, संजय ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# पचपेड़ी स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में बाल कैबिनेट का गठन हुआ। अरिहंत जैन शालानायक, साधना बंजारे उप शालानायक, चेष्टा देवांगन सचिव, अनामिका साहू छात्रा प्रतिनिधि, अंजू साहू क्रीड़ा सचिव, दिनेश साहू क्रीड़ा सहसचिव, कृष्णा कुमार सांस्कृतिक सचिव एवं रेणुका साहू सांस्कृतिक सहसचिव मनोनीत हुए। प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर ने बाल कैबिनेट को उनके पद की गरिमा का ध्यान रखते हुए अपने कर्तव्य का पालन निष्पक्ष रूप से करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

# छाती सोसाइटी में गोदाम बनाने के लिए भूमि का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

जिले की छाती सोसाइटी में विश्व के प्रथम अन्न भंडारण हेतु 1000 मेट्रिक टन गोदाम बनाने भूमि का निरीक्षण करने उपपंजीयक, जिला विपणन अधिकारी, एनसीसीएफ अधिकारी, समिति अध्यक्ष ललित साहू पहुंचे। गोदाम का निर्माण करोड़ों रुपए से होगा। इसके लिए शासन द्वारा अनुदान दिया जायेगा । शेष राशि समिति को लोन लेकर अदा करना पड़ेगा। इसमें किसानों से खरीदे गए चना, सरसों, मसूर का भंडारण किया जाएगा। अधिकारियों ने खाद वितरण, स्टॉक का भी जायजा लिया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू समिति के सीईओ ने दी।

## प्रशिक्षण के बाद देशभर की परियोजनाओं में मिलेगा रोजगार

# आईटीआई में एल एंड टी ने दिए रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



चयनित युवाओं को मिला ऑफर लेटर

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कुरूद में शुक्रवार को एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीएसटीआई), पनवेल के अधिकारियों ने प्रशिक्षार्थियों को निर्माण क्षेत्र में उपलब्ध प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। अधिकारियों ने विभिन्न ट्रेड, प्रशिक्षण प्रक्रिया और प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद मिलने वाले रोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अधिकारियों ने बताया कि संस्थान द्वारा दो माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान रहने एवं भोजन की पूरी व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रशिक्षार्थियों को देश की विभिन्न प्रतिष्ठित निर्माण परियोजनाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में शासकीय आईटीआई कुरूद एवं शासकीय आईटीआई नगरी के चयनित प्रशिक्षार्थियों को ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए। इनका प्रशिक्षण अगस्त 2026 से शुरू होगा।

आईटीआई कुरूद के प्राचार्य योगेश देवांगन ने कहा कि एल एंड टी जैसी प्रतिष्ठित कंपनी के माध्यम से मिलने वाला यह अवसर युवाओं के कौशल विकास और बेहतर रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चमन लाल पाल ने बताया कि चयन प्रक्रिया में जिला धमतरी नोडल अंतर्गत सभी आईटीआई संस्थानों को शामिल किया गया, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका, कार्यकर्ता भर्ती ऑनलाइन आवेदन 3 अगस्त तक

**जगदलपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दरभा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र छिन्दगुर-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा दरभा-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 20 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए खुला ऑनलाइन पोर्टल

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जगदलपुर में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल खोल दिया गया है। प्राचार्य से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 25 जुलाई को एनआईसी द्वारा मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चतुर्थ चरण की चयन सूची के आधार पर 26 जुलाई से 30 जुलाई तक संस्थाओं में प्रवेश लिया जाएगा।

### राम मंदिर पर सवाल उठाने का कांग्रेस को नैतिक अधिकार नहीं

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर पूर्वी मंडल के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम द्वारा अयोध्या श्रीराम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर लगाए गए आरोपों को निराधार, भ्रामक एवं राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को श्रीराम मंदिर के विषय में बोलने अथवा सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान लगातार भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़े किए और श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया। आज वही कांग्रेस राम मंदिर की गरिमा और करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

### विद्यार्थियों को कापी-पेन पेंसिल किट का वितरण

**जगदलपुर।** ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की अलख जगाने तथा नन्हे विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़कर नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा के व्याख्याता मनीष कुमार अहीर द्वारा एक प्रेरणादायी पहल करते हुए प्राथमिक विद्यालय बड़ेमुरमा के कक्षा पहली के विद्यार्थियों को कापी, पेन, पेंसिल एवं अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री से युक्त शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। अध्ययन सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास साफ दिखाई दे रहा था।

# 30 साल पुरानी कृषि शिक्षा की परंपरा बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्च माध्यमिक विद्यालय (पीएमश्री स्कूल सेजेस) नगरी में वर्ष 2022 से बंद पड़े कृषि संकाय को पुनः प्रारंभ कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों एवं एलुमनी सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आगामी शैक्षणिक सत्र से कृषि संकाय को फिर से शुरू करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय में लगभग तीन दशक तक कृषि संकाय का सफल संचालन होता रहा है। इस संकाय से अध्ययन करने वाले अनेक छात्र आज विभिन्न शासकीय विभागों, कृषि संस्थानों तथा निजी कृषि उद्यमों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। कृषि संकाय ने क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुख एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है।

पूर्व विद्यार्थियों ने बताया कि वर्ष 2022 में कृषि संकाय को बिना किसी स्पष्ट शासकीय आदेश के बंद कर दिया गया। जबकि पूर्व में जीव विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षकों द्वारा इस संकाय का संचालन किया जाता रहा और कृषि विषय के लिए पृथक शिक्षक की नियुक्ति कभी नहीं रही। ऐसे में केवल विषय विशेषज्ञ शिक्षक की अनुपलब्धता का हवाला देकर संकाय बंद करना विद्यार्थियों के हित में नहीं माना जा सकता।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि नगरी विकासखंड मुख्यालय सहित आसपास के किसी भी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्तमान में कृषि संकाय संचालित नहीं है। इससे कृषि शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को दूरस्थ क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है, जिसके कारण अनेक छात्र-छात्राएं इस महत्वपूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। पूर्व विद्यार्थियों और एलुमनी सदस्यों ने कलेक्टर से मांग की है कि क्षेत्र की कृषि प्रधान पहचान, विद्यार्थियों के भविष्य तथा रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पीएम श्री स्कूल नगरी में कृषि संकाय को पुनः प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। आवेदन देने वालों में प्रवीण साहू, देवेंद्र, प्रेमलाल साहू, पवन कुमार साहू, लेश्वर कश्यप, लक्ष्मण नेताम, मंथन यादव, सुनील साहू, भोलेश्वर साहू, नरेन्द्र नेताम, अरुण साहू, मनीष साहू समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**कृषि प्रधान नगरी में कृषि संकाय बंद होना दुर्भाग्यपूर्ण**



### पूर्व पार्षद व मोहल्लेवासियों ने जताई आपत्ति

# 39.25 लाख के माता तालाब सौंदर्यीकरण पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13 एवं 15 स्थित शीतला मंदिर के समीप स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के माता तालाब के 39 लाख 25 हजार रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यकरण कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं पूर्व पार्षद ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। नगर पंचायत के इंजीनियर ने स्पष्ट किया है कि कार्य अभी प्रगति पर है तथा शेष कार्य बारिश के बाद निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण कराया जाएगा।

गौरतलब है कि माता तालाब नगर की प्राचीन धरोहर होने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। लंबे समय से इसके सौंदर्यकरण की मांग की जा रही थी। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की स्वीकृति के बाद 39 लाख 25 हजार रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी मिली।

परियोजना अंतर्गत तालाब के चारों ओर आकर्षक चेकर टाइल्स बिछाने, पचरी (घाट) की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण, रिटेनिंग वॉल तथा पिंचिंग सहित अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाने हैं, जिससे तालाब का स्वरूप अधिक आकर्षक एवं सुरक्षित बनाया जा सके।

हालांकि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद पूर्व पार्षद एवं मोहल्लेवासियों ने कार्य की गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य को देखने से गुणवत्ता संबंधी कई प्रश्न सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब का गहरीकरण भी पूर्ण रूप से नहीं किया गया है तथा कुछ स्थानों पर मिट्टी निकालने के बाद कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके अलावा मंदिर परिसर से सटी दीवार के समीप आवश्यक सुरक्षा एवं मजबूती के कार्य समय पर नहीं किए जाने से भविष्य में मंदिर की दीवार को नुकसान पहुंचने की आशंका भी व्यक्त की गई है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराया जाए तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर किया जाए, ताकि करोड़ों की आस्था से जुड़े इस स्थल का विकास टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण हो सके।

इस संबंध में नगर पंचायत के इंजीनियर ने बताया कि पिंचिंग का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद निर्धारित सामग्री से पिंचिंग को पूरी तरह मजबूत एवं पैक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के किनारे का निर्माण कार्य भी शेष है। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर प्राप्त शिकायतों का मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## नई पुलिस अधीक्षक से सर्व आदिवासी समाज मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने जिले की नई पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय से भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने जिले की सामाजिक संरचना एवं आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया।

भेंट के दौरान पदाधिकारियों ने बनरौद में आदिवासियों पर अश्रुगैस छोड़े जाने की घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। साथ ही समाज की मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा की गई और उनके निराकरण हेतु प्रशासन से आवश्यक पहल करने का आग्रह



किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने अजाक थाने में लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई की मांग रखी। इसके अलावा हाल ही में महिला प्रभाग द्वारा दिए गए ज्ञापन के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक से चर्चा की गई।

पदाधिकारियों ने नगरी में आयोजित होने वाले विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की जानकारी भी दी। मौके पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, डॉ. एआर ठाकुर, जयपाल सिंह ध्रुव, कृष्णा नेताम, नंदा सलाम, चंद्रकिरण नेताम, प्रेमलता नेताम, भूमिका कोर्राम, रमी गौतम, पायल ध्रुव, रामेश्वर मरकाम, हेमंत ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसपी भावना पाण्डेय से मिलीं नपं अध्यक्ष ज्योति जैन

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष ज्योति जैन ने पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय से सौजन्य भेंट कर भखारा-भठेली नगर पंचायत एवं आसपास के अंचल की कानून-व्यवस्था से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान अध्यक्ष ज्योति ने क्षेत्र में चोरी, असामाजिक गतिविधियों एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका तथा नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने भखारा-भठेली एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने तथा रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि



नियमित पुलिस गश्त से अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण मजबूत होगा। पुलिस अधीक्षक भावना पाण्डेय ने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरानज्योति जैन ने क्षेत्र की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण मांगें रखीं।

## अंचल की खबरें

### अटंग हाईस्कूल में एसएमसी सदस्यों ने किया पौधरोपण

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नए पदाधिकारियों का गठन किया गया। शाला विकास समिति द्वारा शुक्रवार को हाईस्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। समिति अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष शांति साहू, सचिव प्राचार्य नूतनलाल चंद्राकर, शिक्षकगण प्रकाश साहू, पी. चंद्राकर, प्रमोद यादव, रितु चंद्राकर, जी. यादव, ममता साहू, मिथिलेश साहू, चेतन साहू, वासुदेव ध्रुव, संगीता भंडारी, उत्तम ध्रुव, लूकेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि में सरपंच गायत्री इंद्रजीत चेलक, उपसरपंच पंचायत प्रतिनिधि कोमल शुक्ला, सहसचिव लेकेश्वरी साहू व सदस्यों में पूर्व छात्र शिवकुमार साहू, शिक्षाविद जेएल साहू, उमेंद्र साहू, झूमर साहू, कोमल साहू, छबिलाल साहू, हेमंत साहू, मुकेश कुमार, रेखा साहू, रजनी तारक, गीता पटेल, मालती साहू, रूपेश चंद्राकर, ममता साहू, लोमश कौशिक एवं प्रभारी शिक्षक मनोज ध्रुव, भागवत साहू, योगेश साहू, कुंदन चंद्राकर, तेजेंद्र चंद्राकर, इंदरु साहू, रुद्रनाथ साहू, हेदनाथ निर्मलकर, नेहरू साहू, हेमराज चंद्राकर शामिल हैं।



### हाईस्कूल सिलीडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति गठित



**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल सिलीडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना राजपूत ने की। ठाकुरराम पाल को अध्यक्ष, अगेश्वरी देवांगन को उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ व्याख्याता अनिल ध्रुव को शिक्षक सदस्य बनाया गया। शिक्षाविद शोभाराम यादव, जनप्रतिनिधि रुचि देवांगन सरपंच के रूप में मनोनीत किये गये। पालक सदस्यों को भी समिति में सम्मिलित किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच रामबिशाल साहू, व्याख्याता एनएम यादव, श्रीमती पीएल साहू, बीएस ध्रुव, पूनम यादव सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक विकास, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

### आंगनबाड़ी केंद्र 3 में सुपोषण दिवस मना

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में सुपोषण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाना तथा उन्हें पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान नये छोटे बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर आंगनबाड़ी प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों का वजन और लंबाई मापकर उनके पोषण स्तर की जांच की गई। 7 से 9 महीने की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी करके उन्हें पौष्टिक आहार और आयरन की गोली दी गई। नवजात शिशुओं को 6 महीने तक केवल मां का दूध पिलाने के लिए माताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग कुरूद से कल्पना प्रजापति, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, टिकेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीतू जोशी, सहायिका दामिनी जांगड़े समेत बच्चों के माता-पिता एवं बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।



### चिरपोटी में हर्षोल्लास के साथ निकली रथयात्रा



**अंवरी।** ग्राम चिरपोटी में इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ रथयात्रा निकाला गया। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को सुसज्जित कर दाऊ स्व. दौवाराम साहू के पैतृक घर से रथों पर विराजमान कर श्री कृष्ण मंदिर तक बाजे-गाजे के साथ ले जाया गया। स्व. दौवाराम के सात बेटे और सात बेटी है। सातों बेटों द्वारा इस पुरानी परंपरा को आज भी बखूबी निभाया जा रहा है जो क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणादायक है। रथयात्रा को हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है। यह पर्व भगवान जगन्नाथ के भक्तों के लिए आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यात्रा के दौरान पूरे गोव में धार्मिक उत्साह का वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ भगवान के दर्शन किए। मौके पर रघुनाथ साहू, महेश साहू, संत साहू, उत्तम साहू, मोरध्वज साहू, पीतांबर साहू, रामबरन साहू, बरन साहू, कामता साहू, लाकेश, सोम, राहुल, सौरभ, साकेत, सुरेंद्र, दादू और अयांश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुगली में जुड़वास परब मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम दुगली में रुढ़ि प्रथा परंपरा अनुसार पूर्वजों से चली आ रही परंपरा जुड़वास माता पहुंचानी परब धूमधाम से मनाया गया। ग्राम की माताओं और बच्चों ने थाली में तेल हल्दी, दाल, चावल, नारियल लेकर माता देवालय पहुंचे। ग्राम के भूमियार, झांकर व्दारा विधि-विधान से शीतला माता के सात फेरे के साथ सेवा की शुरूआत हुई।

ग्राम गायता गुलेश नेताम और वरुण देव नेताम ने परंपरा अनुसार माता शीतला की सेवा अर्जी की। तेल, हल्दी को नीम पत्ती से माता सेवा को अर्पित किया जाता है। इसके बाद पुजारी व्दारा गांववासियों के ऊपर छिड़काव किया जाता है। रवानगी प्रथा निभाई गई।

सुरेन्द्र राज ध्रुव अध्यक्ष अंगार मोती सेवा समिति दुगली ने बताया कि जुड़वास यानी माता पहुंचानी गांव का सबसे बड़ा परब माना जाता है। ग्राम के पुजारी के माध्यम से नई फसल बोनी के साथ गांवों में नये सत्र का शुभारंभ होता है। गांव में किसी भी प्रकार की बीमारी न हो, साथ ही नई फसल भी सुरक्षित रहे।

इस दृष्टि से नीम के पत्तों से तेल हल्दी का छिड़काव ग्रामीणों के ऊपर किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शंकरलाल नेताम, खम्मन सिंह मरकाम, बिसरु राम सोरी, गजराज ध्रुव, श्यामाचरण मंडावी, चमनलाल सोरी, सुरेश यादव, अमरोतीन बाई, दशोदा बाई, मोनिका नेताम सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सशिमं के छात्रों ने ली स्वर्ण प्राशन की खुराक

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर में 30 विद्यार्थियों को स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई गई। इस दवा का निर्माण विशिष्ट मंत्र, स्वर्ण भस्म, वचा, ब्राम्ही, शंख पुष्पी, पीपर, जटामासी, मघ, ब्राम्ही घृत के संयोजन से किया जाता है। यह दवा पुष्य नक्षत्र के दिन पिलाई जाती है। यह दवा पीने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बुध्दि व बल का विकास होता है।



## खबर संक्षेप



### एनआईएस में आस्था का चयन

**धमतरी।** शहर की आस्था का एनआईएस में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। आस्था पहले ही व्हालीबाल की नेशनल खिलाड़ी रहकर राष्ट्रीय स्तर की पदक विजेता रही हैं और धमतरी का नाम रोशन कर चुकी हैं। अब नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला में ट्रेनर कोर्स के लिए उनका चयन हुआ है। आस्था ने सिलेक्शन होने के बाद धर्म प्रेमी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पं राजेश ने कहा कि आस्था का पूरा जीवन संघर्ष और चुनौतियों को मात देते रहने की कहानी से भरा हुआ है। उन्होंने आस्था यादव को उनकी उपलब्धि और और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आस्था ने धमतरी में खेल के भविष्य को नई रोशनी, नई उम्मीदें दी हैं।

### राम मंदिर पर सवाल उठाने वाले खुद भ्रष्टाचार के कालनेमि हैं : रंजना

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कांग्रेस नेता शैलेश



नितिन त्रिवेदी के धमतरी में पत्रकारवार्ता में दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन लोगों ने 500 साल तक राम मंदिर का विरोध किया, आज वही लोग राम के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। असली कालनेमि तो वो हैं जिन्होंने गरीबों के हक का चंदा खाया है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि त्रिवेदी जी और कांग्रेस पार्टी को राम मंदिर से दिक्कत है, इसीलिए वे हर रोज झूठ का सहारा ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में बना मंदिर विश्व का सबसे पारदर्शी निर्माण है। हर पैसे का हिसाब वेबसाइट पर है। कांग्रेस को दर्द इस बात का है कि 70 साल में जो नहीं कर पाए, वो मोदीजी ने 5 साल में करके दिखा दिया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस हनुमान जी के रास्ते पर नहीं, बल्कि तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के रास्ते पर चल रही है। छत्तीसगढ़ में 5 साल कांग्रेस ने क्या किया, वो जनता भूली नहीं है। अब राम का नाम लेकर जनता को गुमराह नहीं कर सकते।

### रेत खदान पासीद की लाटरी प्रक्रिया 24 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के अंतर्गत खनिज शाखा महासमुंद द्वारा एमएसटीसी पोर्टल पर महासमुंद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पासीद स्थित महानदी के खसरा क्रमांक-01 का भाग, रकबा 4.80 हेक्टेयर की रेत खदान के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया 17 जून 2026 को आयोजित की गई थी। उक्त रेत खदान के लिए प्रस्तावित लॉटरी प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं हो सकी थी। अब इस रेत खदान के लिए निविदा में भाग लेने वाले सभी संबंधित बोलीदाताओं को सूचित किया गया है कि इलेक्ट्रानिक नीलामी के माध्यम से लाटरी द्वारा अधिमानी बोलीदाता की चयन प्रक्रिया 24 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे की जाएगी। खनिज शाखा ने सभी पात्र एवं संबंधित बोलीदाताओं से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

# ग्राम चिंवरी में अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत चिंवरी में कुछ ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया था। इस मुद्दे को लेकर ग्राम पंचायत और ग्राम समिति की पिछले 3 महीनों से बैठकें हो रही थी। सरपंच संजीत कुमार साहू ने ग्रामवासियों के सहयोग से अतिक्रमण हटाने कार्यवाही करने का प्रयास किया। कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के लिए 3 बार नोटिस दिया गया और अवगत कराया गया कि वह कब्जा हटा दें अन्यथा कार्यवाही होगी। लेकिन उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। अंततः 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे से तहसीलदार के आदेशानुसार पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने बुलडोजर चलाया गया।

सरपंच ने बताया कि गांव के कुछ व्यक्तियों ने शासकीय जमीन पर कब्जा किया था और बाउंड्रीवाल बना लिया था। एक व्यक्ति ने चिंवरी सिर्री के मुख्य मार्ग में ही 10 कॉम्प्लेक्स बनाने पत्थरों की नींव रख दी थ। उसे भी अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस अतिक्रमण में किसी भी ग्रामीण का मकान नहीं तोड़ा गया है। यह अतिक्रमण आचार संहिता के दौरान किया गया था। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही दोपहर 12 से 4 बजे तक की गई। शिवचरण, शिवप्रसाद, जीवनलाल पिता सुंदरलाल साहू, सुमेंद्र पिता सुकुलराम साहू, महेंद्र पटेल पिता जहूर पटेल, डीहू लाल साहू पिता प्रेमलाल साहू, वीरू साहू, बीरझू साहू पिता पीथम लाल साहू ने अलग-अलग जगह पर शासकीय भूमि पर बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा किया था जिसे मुक्त किया गया। मौके पर तहसीलदार सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार छत्रपाल चंद्राकर, कोटवार, पटवारी, आरआई सहित बिरेझर चौकी से पुलिस बल एवं संजीत कुमार साहू, उपसरपंच भोलाराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लखनलाल साहू, उपाध्यक्ष ठाकुर राम पाल, कोषाध्यक्ष चेतन साहू, ग्राम पटेला दुलेश्वर साहू सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

**तहसीलदार, पुलिस बल, ग्रामीणों की मौजूदगी में शासकीय जमीनों से हटाया गया अतिक्रमण**



**अवैध कब्जे हटाए गए**

ग्राम पंचायत चिंवरी में 5 जगह पर ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था जिसे 17 जुलाई को कब्जामुक्त करने की कार्यवाही की गई।

- तहसीलदार सूरज बंछोर

## एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के 12 विद्यार्थियों ने नीट-2026 किया क्वालिफाई

# वनांचल के सपनों को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित शासन की महत्वाकांक्षी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) योजना आज सार्थक परिणाम दे रही है।

जिले के नगरी विकासखंड स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह ने वर्ष नीट-2026 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर जिले को गौरवान्वित किया है।

वनांचल के इस आवासीय विद्यालय से इस वर्ष 24 विद्यार्थियों ने नीट 2026 परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 12 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की है।

इन विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अब दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों के अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के द्वार खुल गए हैं।

सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विमल साहू ने विद्यालय के प्राचार्य नीरज त्यागी, सभी शिक्षकों एवं सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



**इतने अंक मिले**

राधेश्याम ने 388 अंक (88.49 परसेंटाइल) प्राप्त कर सर्वोच्च प्रदर्शन किया। इसके अलावा डिंपल कंवर (349 अंक), मनीषा (300 अंक), पूर्णिमा (300 अंक), दयानंद मरकाम (280 अंक), दिव्या (271 अंक), हरिकेश कुमार (263 अंक), सोनम दीवान (244 अंक), मेनका (220 अंक), प्रीति कश्यप (196 अंक), गुंजा (182 अंक) तथा आराधना (180 अंक) ने भी सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

**धमतरी जिले के लिए गर्व का विषय : अबिनाश मिश्रा**

विद्यार्थियों की इस सफलता पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथरीडीह के विद्यार्थियों की नीट -2026 में मिली सफलता पूरे धमतरी जिले के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और शासन द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे तथा अपने क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। यह सफलता केवल 12 विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं, बल्कि वनांचल के उन हजारों सपनों की जीत है जो शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को नई दिशा देना चाहते हैं।

## रोटरी क्लब ने रथयात्रा पर किया भंडारा




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी क्लब ऑफ द्वारा अपनी नियमित आहार सेवा परियोजना अंतर्गत रथयात्रा के अवसर पर बिलाईमाता मंदिर के समीप श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए निःशुल्क भोजन (भंडारा) का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि क्लब का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदनशीलता एवं मानवता की भावना को सशक्त बनाना है। सचिव जागृति दोशी ने कहा कि आहार सेवा परियोजना अंतर्गत यह सेवा अभियान प्रत्येक माह धमतरी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा।

मौके पर मदनमोहन खंडेलवाल, घनश्याम राव मगर, बिपिन पटेल, नंदन दोशी, आशीष गोयल, अमित जायसवाल, सलज अग्रवाल, निशांत लुंकड़, अजय गोयल, पायल गोयल, सुधा शर्मा, अभिषेक गोयल, ऋतु लुनावत, पिंकी खंडेलवाल सहित रोटरी क्लब के अनेक सदस्यों ने सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

## कबड्डी में हारने के बाद दोस्तों के साथ की शरारत

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की काउंसलिंग में छात्र ने बताया
- चिकित्सकीय परीक्षण में सभी छात्र पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक विद्यालय में छात्र द्वारा सहपाठियों को नोचे जाने वाली खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे तत्काल संज्ञान लेते हुए चिकित्सकीय परीक्षण एवं काउंसलिंग कराई। जांच में संबंधित छात्र सहित सभी 18 छात्र शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ पाए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी के कक्षा 11वीं के छात्र निखिल निषाद को लगभग 3 वर्ष पूर्व आवारा कुत्ते ने काटा था। उस समय छात्र को नियमानुसार एंटी-रेबीज टीकाकरण का पूरा कोर्स कराया गया था।

हाल ही में प्रकाशित समाचार के बाद जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने छात्र का स्वास्थ्य परीक्षण एवं काउंसलिंग की, जिसमें वह पूरी तरह सामान्य एवं स्वस्थ पाया गया। घटना के बाद जिन 18 विद्यार्थियों के संपर्क में छात्र आया था, उनका भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा परीक्षण किया गया। संक्रमण से संबंधित कोई लक्षण नहीं पाए जाने के बावजूद एहतियात के तौर पर सभी 18 विद्यार्थियों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। सभी विद्यार्थी पूर्णतः स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई काउंसलिंग के दौरान छात्र ने बताया कि कबड्डी खेल में हारने के बाद उसने दोस्तों के साथ शरारतवश ऐसा व्यवहार किया था। चिकित्सकीय परीक्षण में किसी भी प्रकार के रेबीज अथवा अन्य संक्रमण संबंधी लक्षण नहीं पाए गए। शिक्षा अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे मामलों में अफवाहों अथवा भ्रामक जानकारियों पर विश्वास न करें तथा किसी भी स्वास्थ्य संबंधी शंका होने पर चिकित्सकों की सलाह लें।

## निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

- श्री गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस पर हुई स्पर्धा में 282 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अल्पसंख्यक आयोग रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में श्री गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में प्रतियोगिता हुई, जिसमें 282 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन की जिम्मेदारी श्री गुरुसिंघ सभा धमतरी एवं नोडल अधिकारी श्रीमती ममता खालसा को सौंपी गई। श्री गुरु सिंघ सभा के प्रधान सरदार जसपाल सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 20 नवंबर 2025 को आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



प्रतियोगिता में प्रथम इशप्रीत कौर बग्गा मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल, द्वितीय यामिनी यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम तथा तृतीय खुशहाल सिन्हा स्वामी आत्मानंद हिंदी स्कूल हाटकेशर रहे।

विजेताओं को क्रमशः 5100, 3100 एवं 2100 रुपये की पुरस्कार राशि, मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नोडल अधिकारी श्रीमती ममता खालसा का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जसपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह आयोजन श्री गुरुतेग बहादुर के बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों में भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

## जर्जर अटल आवास के आठ परिवार दूसरे ब्लॉक में शिफ्ट



- खतरों के बीच रह रहे परिवारों को मिली अस्थायी राहत, स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विवेकानंद नगर स्ट्रीट नम्बर 3 पर स्थित अटल आवास जर्जर हो गया है। बारिश में यहां खतरा और बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने यहां के आठ परिवारों को दूसरे ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया है।

अटल आवास की स्थिति लंबे समय से खराब है। सीढ़ियां टूट गई हैं। उपर मंजिल तक जाना खतरे से खाली नहीं है। शिकायत मिलने पर महापौर रामू रोहरा ने इस अटल आवास का निरीक्षण किया था। उन्होंने जर्जर भवन में खतरे के साए में रह रहे परिवारों को फौरी राहत देने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश को अमल में लाते हुए आठ परिवारों को सामने दूसरे ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया। शिफ्टिंग के दौरान नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। नए ब्लॉक में शिफ्ट होने से इन परिवारों को राहत तो मिल गई है, लेकिन उनकी समस्या का पूरी तरह से अंत नहीं हुआ है। रहवासियों का कहना है कि जिस ब्लॉक में उन्हें शिफ्ट किया गया है, वहां बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। ऐसे में उन्हें बारिश के सीजन में गहन समस्या का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से स्थायी और सुरक्षित आवास की व्यवस्था करने की मांग की है।

## कुंभकार समाज को इलेक्ट्रिक चाक का वितरण

- आत्मनिर्भर भारत का आधार है कुम्हारों को प्रदत्त इलेक्ट्रिक चाक : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सहकार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी की अनुशंसा पर कुंभकार टेराकोटा योजना अंतर्गत ग्राम बारना के कुंभकार परिवारों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए गए। योजना के तहत हिरामन प्रजापति, लोकेश प्रजापति, बिमला, सरिता, लखन प्रजापति, शांति प्रजापति, महेन्द्र, सियाराम , नरेन्द्र कुमार, दिलेश कुमार, मन्नूलाल प्रजापति, महेन्द्र कुमार प्रजापति, संजय कुमार प्रजापति, संतोष कुमार, देवशंकर प्रजापति, भूपेन्द्र कुमार प्रजापति, दिनेश प्रजापति, कुमारु प्रजापति, किशन को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत–2047 के संकल्प



के अनुरूप केंद्र सरकार लघु एवं पारंपरिक व्यवसायों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। कुंभकार समाज के पारंपरिक मिट्टी के व्यवसाय को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे कम समय में अधिक उत्पादन संभव होगा।

श्रम और लागत दोनों में कमी आएगी तथा उत्पादों की गुणवत्ता और आय में भी वृद्धि होगी। श्री गांधी ने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे शासन की इस योजना का लाभ उठाकर अपने पारंपरिक व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। मौके पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरु निषाद, राजेंद्र शर्मा, राजीव सिन्हा सह प्रभारी भोथली मंडल, रूपचंद साहू, खिलावन प्रजापति, ममता निषाद, भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल, सेतुराम, लोकेश प्रजापति, बबला साहू, पुनारद प्रजापति उपस्थित थे।

### दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा 1 लाख तक ऋण

धमतरी। छग दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम ने दिव्यांगजनों के लिए अपना पिटारा खोल दिया है। उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने पचास हजार से एक लाख रुपये तक ऋण देने की योजना संचालित की जा रही है। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि उप संचालक समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर उचित आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए जिला मेडिकल बोर्ड का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जरूरी है। इस योजना से दिव्यांगजन छोटे व्यापार, दुकान खोलकर आतमनिर्भर बन सकते हैं। पूर्व में सरकारी कर्मचारी को गारंटर बनाने पर ही ऋण दिया जाता था। उसे अभी शिथिल किया गया है।

### भारतीय किसान संघ का अभ्यास वर्ग आज

**कुरुद।** भारतीय किसान संघ द्वारा आज नई कृषि उपज मंडी कार्यालय परिसर कुरुद में अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर होंगे। इस दौरान किसानों और पदाधिकारियों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर के वैज्ञानिक तथा उप संचालक कृषि जिला धमतरी द्वारा कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन एवं उद्बोधन दिया जाएगा। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर, अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे कर्मा चौक, धमतरी, मो.नं. 98264-32896

PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
DCA PGDCA BCA
SCHOLARSHIP WITH 100% RESULT
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
पुराना दाजी मराठी स्कूल, मराठापारा, धमतरी (छ.ग.)
Contact : 8450022865, 9203522865 9203622865, 9203722865